

# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर



**सुविचार -**

एक दिन वर्षों का संघर्ष, बहुत खूबसूरत तरीके से तुमसे टकराएगा। उस दिन कामयाबी और संघर्ष की जीत का अलग ही मजा आएगा।

| 4 सितंबर 2025, गुरुवार<br>भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी | वर्ष - 07 | अंक 24 | UAN NO. RJ21D0011677 | reporttimes.in@gmail.com | www.reporttimes.in |
|---|---|---|---|---|---|




**तेलंगाना में नागोल के गणपति की 63 फीट ऊंचे गणेश**

तेलंगाना के हैदराबाद में नागोल में विराजे है ईको फ्रैंडली गणेश। गणेश जी की प्रतिमा 63 फीट ऊंची थी। हैदराबाद दौरे के दौरान पत्रकार महेश आजाद, समाजसेवी राधेश्याम ऑपरेटर ने इस उत्सव में भाग लिया और विशाल मूर्ति के दर्शन किए।

# अब जीएसटी में सिर्फ 5 और 18% के दो ही स्लैब, 22 सितम्बर से लागू

एजेंसी | नई दिल्ली

जीएसटी काउंसिल की बैठक में मंत्री समूह के सभी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही अब जीएसटी में सिर्फ 5 और 18% के दो ही स्लैब होंगे। खास बात है कि जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी। जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जीएसटी की दरों को युक्तिसंगत बनाने पर सभी राज्यों ने सहमति दी है। रोजमर्रा की ज्यादातर चीजों पर जीएसटी की दरों को कम किया गया है। जीएसटी परिषद की बैठक के बाद हुए ऐलानों पर पीएम मोदी ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि केंद्र के सभी जीएसटी प्रस्तावों को परिषद द्वारा मंजूरी मिलने पर खुशी है।

5 और 18% जीएसटी के दायरे में आएंगे ये प्रोडक्ट्स : एसी और टीवी जैसे इलेक्ट्रिक प्रोडक्ट्स 18 फीसदी जीएसटी के दायरे में आएंगे। डाई फ्रूट्स, अचार, कॉर्न फ्लेक्स, चीनी और शुगर क्यूबस जैसे कई सामान 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। इसके अलावा, सीमेंट पर 28 फीसदी के बजाय 18 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। 1200 CC के अंदर आने वाली कारें और 350 CC के अंदर आने वाली बाइक पर जीएसटी की दर 18 फीसदी होगी, जबकि मिड साइज कारों पर जीएसटी की दर 40 फीसदी होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हेयर ऑयल, साबुन, बार, टूथपेस्ट, साइकिल, टेबल वियर पर अब 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जबकि यूएचटी दूध और ब्रेड पर जीएसटी की दर जीरो होगी।

## वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने किया ऐलान




**सरकार ने कहा कि पान, मसाला, सिगरेट समेत अन्य शिन प्रोडक्ट्स पर 40 फीसदी जीएसटी लगेगा। इसके अलावा, लग्जरी प्रोडक्ट्स पर भी 40 फीसदी जीएसटी होगा। इसके साथ ही तंबाकू और तंबाकू से संबंधित उत्पादों पर क्षतिपूर्ति उपकर तब तक जारी रहेगा जब तक केंद्र द्वारा लिया गया पूरा ऋण चुका नहीं दिया जाता। उसके बाद यह उपकर समाप्त हो जाएगा: सरकारइसके अलावा, कैफीनयुक्त पेय पदार्थ और कार्बोनेटेड ड्रिंक भी 40% के दायरे में आएंगे।**

# CAA पर केंद्र का बड़ा फैसला : भारत में रह सकेंगे 2024 तक पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए अल्पसंख्यक



*गृह मंत्रालय के मुताबिक, धार्मिक उत्पीड़न के कारण 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे*

एजेंसी . नई दिल्ली। धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए भारत आए पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए अल्पसंख्यक समुदायों को केंद्र सरकार ने बड़ी राहत प्रदान की है। इस बारे में गृह मंत्रालय ने अपने एक आदेश में कहा है कि हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के ऐसे लोग 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए हैं, उनको बिना पासपोर्ट या अन्य दस्तावेजों के बिना भी देश में रहने की अनुमति दी जाएगी। इसके तहत पिछले साल लागू हुए नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (CAA) के अनुसार, 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए इन उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जाएगी। बता दें कि हाल ही में लागू आव्रजन एवं विदेशी (नागरिक) अधिनियम, 2025 के तहत जारी किया गया यह अहम आदेश बड़ी संख्या में लोगों, विशेषकर पाकिस्तान से आए उन हिंदुओं को राहत प्रदान करेगा, जो 2014 के बाद भारत आए और अपने भविष्य को लेकर चिंतित थे। गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदाय - हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई - जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर से भारत में शरण लेने के लिए मजबूर हुए तथा 31 दिसंबर 2024 को या उससे पहले वैध दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश किया, उन्हें वैध पासपोर्ट और वीजा रखने के नियम से छूट दी जाएगी। नेपाल और भूटान के नागरिकों के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों से सड़क या हवाई मार्ग से भारत में प्रवेश करने वाले भारतीयों को पहले की तरह पासपोर्ट या वीजा पेश करने की जरूरत नहीं होगी। आव्रजन और विदेशी (नागरिक) अधिनियम, 2025 के लागू होने के बाद गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, भारतीय नौसेना, थलसेना या वायुसेना के सदस्य, जो ड्यूटी पर भारत में प्रवेश करते हैं या देश से बाहर जाते हैं , उन्हें पासपोर्ट या वीजा रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, ऐसे सैनिकों के परिवार के सदस्यों को, जब वे इस तरह के व्यक्ति के साथ सरकारी वाहन में जाते हैं, उन्हें भी पासपोर्ट या वीजा रखने की आवश्यकता नहीं होगी। गृह मंत्रालय ने कहा, "भारत में प्रवेश करने, ठहरने और बाहर जाने के लिए वैध पासपोर्ट या अन्य वैध यात्रा दस्तावेज और वैध वीजा की आवश्यकता नहीं होगी, बशर्ते कि कोई भारतीय नागरिक नेपाल या भूटान की सीमा से सड़क या हवाई मार्ग के जरिये भारत में प्रवेश करता है, या कोई नेपाली या भूटानी नागरिक नेपाल या भूटान की सीमा से सड़क या हवाई मार्ग द्वारा भारत में प्रवेश करता है, या उसके पास वैध पासपोर्ट है और वह नेपाल या भूटान के अलावा किसी अन्य स्थान से भारत में प्रवेश करता है या भारत से बाहर जाता है"। मंत्रालय ने कहा, "लेकिन यह छूट चीन, मकाऊ, हांगकांग या पाकिस्तान से यात्रा करने वालों पर लागू नहीं होगी।"



# विधानसभा में पास हुआ कोचिंग रेगुलेशन बिल

## राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट कंट्रोल्ड एंड रेगुलेशन बिल 2025 पारित

रिपोर्ट टाइम्स. जयपुर। राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र में बुधवार को बहस और हंगामे के बीच राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट कंट्रोल्ड एंड रेगुलेशन बिल 2025 को पारित कर दिया गया। यह विधेयक कोचिंग संस्थानों के संचालन को नियंत्रित करने और छात्रों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से लाया गया है। खासकर कोटा जैसे शहरों में कोचिंग संस्थानों की मनमानी और छात्रों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए इस बिल को लागू करने की मांग लंबे समय से थी। इस विधेयक में कई सख्त प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिनमें रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता, फीस वापसी, जुर्माना, और संपत्ति जब्ती जैसे कदम शामिल हैं। इसके अलावा, कोचिंग संस्थानों की निगरानी के लिए एक प्राधिकरण और जिला स्तर पर समितियों का गठन भी किया जाएगा।

बिल को लेकर विधानसभा में हंगामा : बिल को पारित करने के दौरान विधानसभा में काफी हंगामा देखने को मिला। कांग्रेस विधायकों ने बिल पर चर्चा के दौरान सदन से वॉकआउट किया। इस दौरान वन मंत्री संजय शर्मा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीच नोकझोंक भी हुई। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने स्थिति को संभालने की कोशिश की। हंगामे के बावजूद बिल को बहुमत से पारित कर लिया गया।

उच्च शिक्षा मंत्री ने क्या कहा : उच्च शिक्षा मंत्री प्रेम चंद बैरवा ने बिल को पारित करने के बाद कहा कि यह विधेयक लचीला है और भविष्य में जरूरत पड़ने पर इसमें संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस बिल का उद्देश्य कोचिंग सेंटरों की मनमानी पर रोक लगाना और छात्रों के हितों की रक्षा करना है।

क्यों जरूरी था यह बिल : राजस्थान, खासकर कोटा, देश में कोचिंग हब के रूप में जाना जाता है। हर साल लाखों छात्र मेडिकल, इंजीनियरिंग, और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यहां आते हैं। लेकिन कोचिंग सेंटरों की अनियंत्रित फीस, छात्रों पर दबाव, और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं, छात्रों की बढ़ती आत्महत्याओं की वजह से सरकार ये बिल लेकर आई है।



# जल विहार के लिए भगवान ने किया नगर भ्रमण

## जल झूलनी एकादशी पर पालकी में निकली भगवान की डोल यात्रा

कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। देव जलझूलनी एकादशी के अवसर पर बुधवार को शहर के विभिन्न मंदिरों से ठाकुर जी नगर भ्रमण पर निकले। फूलों से सजी धजी पालकी में ठाकुर जी को नई पोशाक पहनाकर विराजमान किया गया। इसके बाद जयकारों के बीच ये पालकियां रवाना हुई। अलग-अलग मंदिरों से निकली पालकियां एक जगह कल्याण राय मंदिर पर एकत्रित हुई और फिर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गौशाला रोड स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहां से सभी ठाकुर जी को पिलानी रोड स्थित भगीनिया जोहड़ ले जाया गया। जोहड़ में स्नान के बाद जल विहार के बाद वापस ठाकुर जी को सिद्धेश्वर महादेव मंदिर लाया गया। जहां पर भगवान का श्रृंगार कर सामूहिक महाआरती हुई। इस अवसर पर शहर में जगह-जगह ठाकुर जी का स्वागत किया गया। श्रद्धालु पालकियों के नीचे से निकलते रहे और दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। शहर के मुख्य मंदिर कल्याण राय मंदिर, सत्यनारायण भगवान मंदिर, संकट मोचन द्वारकाधीश मंदिर, विवेकानंद चौक स्थित केवल दास रघुनाथ मंदिर, महमिया मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, टिल्ली मंदिर, बिहारी जी मंदिर सहित कुछ अन्य मंदिरों से भगवान की पालकी यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रीराम अमृतवाणी ग्रुप की ओर से श्रद्धालुओं को ठंडाई पिलाई गई। महंत प्रदीप पुजारी, नरेंद्र पुजारी,अशोक पुजारी, चंद्र किशोर पुजारी, रविन्द्र पुजारी, श्रीप्रकाश पुजारी, अरविंद पुजारी, कमलकांत पुजारी, विशाल पुजारी, रामनिवास कोतवाल, सत्यनारायण भार्गव, विजय पंडित, पवन पंडित, गोपाल शर्मा, गोपाल भार्गव, मुन्ना लाल तामड़ायत, विक्रम योगी, विक्रम कुमार, राघव कलकत्ता वाले, कृष्ण शर्मा, राजकुमार जिसपाल, बिल्लू योगी, कैलाश सैनी, शुभकरण बजाज, सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता दहिया ने "द ग्रेट किंग अग्रसेन" फिल्म का किया शुभारंभ

## मंड्रेला में समारोहपूर्वक हुआ धार्मिक फिल्म निर्माण का शुभारंभ, फिल्म निर्माण के लिए दहिया ने निर्माता रामकिशन अग्रवाल का जताया आभार





रोहित कुमार, रिपोर्ट टाइम्स. मंड्रेला। क्षेत्र के मंड्रेला में बुधवार को युवा नेता एवं भाजपा प्रत्याशी राजेश दहिया ने "द ग्रेट किंग अग्रसेन" (The Great King Agrasen) फ़िल्म का शुभ मुहूर्त किया। इस दौरान दहिया ने फिल्म निर्माता रामाकिशन अग्रवाल का बहुत बहुत आभार जताया, जिन्होंने महान राजा अग्रसेन जी के विचारो और आदर्शों को फ़िल्म के माध्यम से जन जन तक पहुचाने का संकल्प लिया और अपनी जन्म भूमि मंड्रेला में अपने पूर्वजों को समर्पित ये नेक कार्य किया। दहिया ने कहा कि रामा किशन ने समय समय पर मंड्रेला के विकास के लिए जो योगदान दिया है उसके लिए जितना इनका आभार जताया है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल हेमसिंह शेखावत ने की। इस अवसर पर फ़िल्म के डायरेक्टर के. सुरजीत, फ़िल्म के नायक राजेश सिंघल, चेयरमैन मड्रेला कुलदीप शेखावत, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, चिड़ावा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकाश स्वामी, प.स. सदस्य अरविंद सैनी, पूर्व प. स. सदस्य विनोद निर्बाण, शंकर शरण पालीवाल, अनिल रामभरोस, अरुण रामभरोस, रघुनंदन टीबड़ा, अतुल चौमल, गौरव मित्तल, रमाकांत सहित प्रबुधजन, मातृ शक्ति, युवा साथी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस पर राज्य स्तर पर सम्मानित होंगे वरिष्ठ शिक्षक गजपाल सिंह

आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम), ओजटू के वरिष्ठ अध्यापक गजपाल सिंह को शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से नवाजा जाएगा। गजपाल सिंह का चयन उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों और नवाचारों के लिए किया गया है। गजपाल सिंह ने अपनी सेवा की शुरुआत 26 फरवरी, 1997 को एक अनुदानित संस्थान, श्री पालीराम बृजलाल उच्च माध्यमिक विद्यालय, सूरजगढ़ से की। इसके बाद 2011 में उनका चयन सरकारी सेवा में वरिष्ठ अध्यापक (गणित) के रूप में हुआ।



# संविधान जानो संगोष्ठी में युवाओं को मिला जागरूकता का संदेश

## सशक्त भारत मंच के तत्वावधान में आयोजन

रिपोर्ट टाइम्स. सालासर।
सशक्त भारत मंच के तत्वावधान में श्री आरएन एजुकेशनल इंस्टीट्यूट सालासर में 'संविधान जानो संगोष्ठी' का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता शिक्षाविद्, लेखक, संविधानविद् एवं राजनीतिक विश्लेषक निपुण आलमबायन ने अपने संबोधन में युवाओं को संविधान की महत्ता से अवगत कराया।
उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी तभी संभव है जब वे संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर जीवन में उतारें। संस्थान के निदेशक डॉ. लाडूसिंह राव ने संविधान को सामाजिक समानता और शिक्षा की प्रगति का आधार बताते हुए विद्यार्थियों से जिम्मेदारी और ज्ञान के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता भंवरलाल प्रजापत एवं भरत ने की। जबकि बीएम शर्मा और विकास की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर शिवप्रसाद शर्मा, हरिप्रसाद जूरिया, डॉ. मनीषा, दिव्यांशु राव, सुरेंद्र सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम की सफलता में यूट्यूबर प्रवीण प्रजापति का विशेष योगदान रहा।



# श्री हरि कीर्तन प्रभात फेरी ने धूमधाम से मनाई जलझूलनी एकादशी

## धार्मिक संस्था श्री हरि कीर्तन प्रभात फेरी का आयोजन

संजय दाधीच, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। बुधवार को जल झूलनी एकादशी के मौके पर शहर की धार्मिक संस्था श्री हरि कीर्तन प्रभात फेरी द्वारा विशेष आयोजन किया गया। चौरासिया मंदिर से रोजाना की तरह शुरू हुई प्रभात फेरी में बुधवार को सजे—धजे कान्हाजी भी शामिल हुए। जिन्हें हरे रामा, हरे कृष्णा की सुरमयी धुन के बीच नगर भ्रमण करवाया गया। इस दौरान जगह जगह पर श्रद्धालुओं ने कान्हाजी के दर्शन किए और उन पर फूल बरसाकर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक रामचंद्र शर्मा, प्रवीण वर्मा व अमित सूरजगढिया ने बताया कि प्रभात फेरी के समापन पर चौरासिया मंदिर में हुए विशेष कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु महिलाओं और पुरूषों के साथ बच्चों ने कान्हाजी को भजन भी सुनाए। इस मौके पर फेरी के संयोजक सुरेश मालानी, प्रवक्ता राकेश सर्राफ, पुरूषोत्तम पिचानवेवाला, नवीश चौधरी सहित अन्य मौजूद थे। ज्ञात है कि प्रभात फेरी का आयोजन नियमित तौर पर श्री हरि कीर्तन प्रभात फेरी की ओर से किया जाता है। इस दौरान विभिन्न विशेष अवसरों पर खास आयोजन होते है। जिसमें प्रभात फेरी के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में नगर वासी मौजूद रहते है।



# एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन में विज्ञान प्रदर्शनी

आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छह, सात और आठ के फाउंडेशन बैच के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने विज्ञान और तकनीक के विविध पहलुओं पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों और गणमान्य अतिथियों द्वारा सराहा गया। विद्यालय की डायरेक्टर समित डांगी, चेयरमैन सुनील डांगी व प्रधानाचार्य अंकित शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। छात्रों ने जल संरक्षण, स्मार्ट सिटी, सोलर पावर सिस्टम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, स्मार्ट डस्टबिन, इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर, वैक्यूम क्लीनर, चंद्रयान, अर्थ क्वेक अलार्म, वेंडिंग मशीन, मैथ्स पार्क, आरसी कार,इलेक्ट्रिक बोट, ईनवेटर, हार्ट फंक्शनिंग एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे समसामयिक विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। चेयरमैन सुनील डांगी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में नवाचार की भावना का विकास होता है। डायरेक्टर समित डांगी ने कहा कि इस प्रदर्शनी ने यह साबित कर दिया कि हमारे छात्र रचनात्मकता और सोच में किसी से कम नहीं हैं। प्रधानाचार्य अंकित शर्मा ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करते हैं।

## मंड्रेलिया बने प्रदेश उपाध्यक्ष



रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। युवा व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता सुनिल मंड्रेलिया को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की पूर्वी राजस्थान प्रदेश इकाई का उपाध्यक्ष बनाया गया है। पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री सन्मति हरकारा ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग के निर्देश व प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग की सहमति से मंड्रेलिया को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। नियुक्ति पर चिड़ावा, झुंझुनूं जिले समेत शेखावाटी क्षेत्र के अग्रवाल समाज के लोगों में खुशी देखी जा रही है।

नवाचार | बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से APS स्कूल में आयोजन

# छात्राओं के लिए गुड टच एवं बैड टच के बारे में गोष्ठी

राजेन्द्र सिंह, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा | एपीएस स्कूल में महिला अध्यापकों द्वारा छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच के बारे में बताया गया। चिड़ावा के प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय में अध्यापिका



बबीता कटेवा, पूनम सोमरा, संगीता श्योराण, पूनम शर्मा व प्रिया शर्मा ने बच्चों को बताया कि गुड टच वो होता है जिसमें आपको अपने माता पिता के टच करने जैसा अच्छा फील होता है और बैड टच वो होता है जिसमें आप असहज महसूस करते हैं।

## बबलू सैनी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त



योगेश शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार सैनी ने संगठन का विस्तार करते हुए बबलू सैनी को चिड़ावा युवा प्रकोष्ठ का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया। बबलू सैनी सैनी समाज के युवाओं में सामाजिक क्रांति का प्रयास करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. श्रवण सैनी ने नव नियुक्त चिड़ावा युवा नगर अध्यक्ष बबलू सैनी को समाज में शिक्षा के साथ राजनीतिक चेतना जगाने का काम करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट डॉ. महेश सैनी की अनुशंसा पर नियुक्त बबलू सैनी समाज की सेवा करेंगे।

## जॉर्डन कॉक्स को मिली इंग्लैंड स्कवॉयड में जगह



एजेंसी. लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम आयरलैंड के खिलाफ सितंबर महीने में तीन मैच खेलेगी। जिसके लिए इंग्लैंड ने अपनी स्क्वाड का ऐलान पहले ही कर दिया था। कप्तानी की जिम्मेदारी जैकब बेथेल को मिली थी। अब टी20 सीरीज से पहले ही इंग्लैंड ने अपनी स्क्वाड बदलाव किया है और जॉर्डन कॉक्स की स्क्वाड में एंट्री करवाई गई है।

द हंड्रेड में किया दमदार प्रदर्शन : जॉर्डन कॉक्स पिछले कुछ समय से बहुत ही शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। अभी वह द हंड्रेड टूर्नामेंट में खेल रहे थे, जहां उन्होंने रनों की बरसात की थी। वह द हंड्रेड 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर रहे हैं। उन्होंने 9 मैचों में कुल 367 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल रहे हैं। उनकी फॉर्म को देखते हुए ही उन्हें इंग्लैंड की टी20 टीम में मौका मिला है।

24 साल के जॉर्डन कॉक्स ने इंग्लैंड की टीम के लिए साल 2024 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। इसके बाद से उन्होंने टीम के लिए 2 T20I मैचों में 17 रन बनाए हैं। इसके अलावा 3 वनडे मैचों में उनके नाम पर 22 रन दर्ज हैं।

# टी20 में अब तक नहीं हुआ ये करिश्मा क्या अब रचा जाएगा इतिहास

## भारत- पाक के बीच एशिया कप में होना है मुकाबला






एजेंसी, रिपोर्ट टाइम्स. नई दिल्ली। क्रिकेट के मैदान में भारत और पाकिस्तान की टीमें फिर से आमने सामने होने जा रही हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते ठीक नहीं हैं, इसलिए इन दोनों के बीच आपसी सीरीज नहीं होती है। लेकिन जब भी कोई आईसीसी या फिर एसीसी टूर्नामेंट होता है तो मुकाबला हो जाता है। इस बार के एशिया कप में 14 सितंबर को भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला होगा। लेकिन अब तक जो टी20 में इन दोनों टीमों के बीच नहीं हुआ, वो क्या इस बार हो पाएगा, इसका इंतजार रहेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच अब भले ही कम मैच होते हों, फिर भी अक्सर मुकाबला हो ही जाता है। अगर केवल टी20 की ही बात करें तो अब तक कभी ऐसा नहीं हुआ कि जब भी ये दोनों टीमें आमने सामने आई हों और 200 रन का आंकड़ा किसी भी टीम ने छुआ हो। जबकि इस वक्त जबरदस्त तरीके से टी20 क्रिकेट खेला जा रहा है और अक्सर 200 रन भी बनते हैं, लेकिन भारत और पाकिस्तान की टीमें कभी एक दूसरे के खिलाफ 200 रन नहीं बना पाई हैं। भारत बनाम पाकिस्तान टी20 मैच का सबसे बड़ा स्कोर है 192 रन

टी20 क्रिकेट में भारत बनाम पाकिस्तान मैच के सबसे बड़े स्कोर की बात की जाए तो ये 192 रन का है। साल 2012 में जब अहमदाबाद में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला हुआ तो टीम इंडिया ने पांच विकेट के नुकसान पर 192 रन बना दिए थे। इसके बाद से लेकर अब तक यानी करीब 13 साल का वक्त गुजर गया है, लेकिन कभी ये 192 का स्कोर भी क्रॉस नहीं हुआ है। पाकिस्तान की ओर देखें तो टीम ने भारत के खिलाफ अपना सबसे बड़ा स्कोर 182 रन बनाया था। ये स्कोर टीम ने साल 2022 में बनाया था। यानी ना तो भारत और ना ही पाकिस्तान कोई भी टीम 200 रन नहीं बना पाई है। अब इस बार फिर से टी20 फॉर्मेट पर एशिया कप खेला जाएगा। देखना होगा कि क्या कोई टीम 200 रन बना पाएगी।

इस बार दो से तीन बार हो सकती है भारत और पाकिस्तान की टक्कर : इस बार एशिया कप की खास बात ये है कि एक नहीं, बल्कि दो से तीन बार भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने सामने होंगी। पहला मैच तो 14 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद उम्मीद है कि 21 सितंबर को फिर ये दोनों टीमें एक दूसरे से भिड़ सकती हैं। दरअसल इस दिन ग्रुप ए की टॉप दो टीमों के बीच टक्कर होगी। ये करीब करीब पक्का सा है कि अगर कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो भारत और पाकिस्तान ही टॉप करेंगे। ऐसे में ये मैच भी तय सा है। साथ ही अगर फाइनल तक दोनों टीमें पहुंचीं तो वहां तीसरा मैच भी खेला जा सकता है। ऐसे में क्रिकेट का भरपूर रोमांच देखने के लिए मिलेगा, इसके लिए आप तैयार रहिएगा।



## एशिया कप: भारत ने कोरिया से खेला ड्रॉ

### आखिरी मिनट तक बना रहा मुकाबले का रोमांच

एजेंसी. साउथ कोरिया। एशिया कप हॉकी में अब सुपर 4 के मुकाबले शुरू हो चुके हैं। भारतीय टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर सुपर 4 में अपनी जगह पक्की की थी। यहां आकर जब पहला मैच भारत को कोरिया से खेलना पड़ा तो मैच बराबरी यानी ड्रॉ पर समाप्त हो गया। दोनों टीमों ने 2-2 गोल दागे। हालांकि इसके बाद भी आखिरी मिनट तक मैच का रोमांच बना रहा। भारतीय टीम फाइनल में जाने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। कोरिया के खिलाफ खेले एशिया कप हॉकी के सुपर 4 मुकाबले में पहला गोल तो भारत ने बहुत पहले ही कर दिया था, लेकिन इसके बाद कोरियाई टीम ने पलटवार किया और बैक टू बैक दो गोल ठोककर पहले बराबरी की और उसके बाद लीड ले ली। उस वक्त लग रहा था कि भारत के हाथ से ये मैच निकल जाएगा, लेकिन आखिरी क्वार्टर में एक गोल ने कमाल कर दिया। आखिर में मुकाबला बराबरी पर समाप्त हो गया। मुकाबला शुरू होने के कुछ ही देर बाद हार्दिक सिंह ने पहला गोल किया और भारतीय टीम को बढ़त दिला दी थी। हालांकि जुगराज सिंह की गलती से कोरिया को एक पेनाल्टी स्ट्रोक मिल गया, जिसे टीम ने गोल में तब्दील कर दिया और बराबरी भी हासिल कर ली। इसके बाद कोरिया को एक पेनाल्टी कार्नर मिला, इसके बाद स्कोर कोरिया के पक्ष में 2-1 हो गया। आखिरी वक्त में मनदीप सिंह ने एक गोल भारत की ओर से करके गोल किया और मुकाबला बराबरी पर पहुंच गया। कुछ देर के लिए तो लगा कि जैसे भारत इस मैच को जीत जाएगा, लेकिन कोरिया ने भी अच्छा खेल दिखाया और कोई भी गोल नहीं होने दिया। भारतीय टीम ने पूल ए के सभी मुकाबलों में जीत दर्ज की थी। भारत ने सबसे पहले चीन को तीन के मुकाबले चार गोल से मात दी थी। इसके बाद दूसरे मैच में भारत ने जापान को दो के मुकाबले तीन गोल से हराया। तीसरे मैच में भारतीय टीम ने कजाखस्तान को 15 गोल से, करीब करीब एकतरफा मैच में हरा दिया। सुपर 4 में सभी टीमें एक दूसरे से भिड़ेंगी। इसके बाद जो टॉप की दो टीमें होंगी, वो फाइनल खेलेंगी। अब भारत का मुकाबला 4 सितंबर को मलेशिया से होगा। इसमें भारत को जीत दर्ज करना जरूरी होगा।



## जुरैल और कुलदीप हुए बाहर

### दलीप ट्रॉफी में सेंटल जोन की बढ़ी परेशानी

एजेंसी. नई दिल्ली। दलीप ट्रॉफी 2025 का रण अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है, जहां 4 सितंबर से सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल साउथ जोन और नॉर्थ जोन के बीच खेला जाएगा। वहीं दूसरा सेमीफाइनल सेंट्रल जोन और वेस्ट जोन के बीच होगा। लेकिन सेमीफाइनल शुरू होने से पहले ही सेंट्रल जोन की टीम को तगड़ा झटका लगा है, जब विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और कुलदीप यादव बाहर हो गए हैं। ये दोनों प्लेयर्स सेमीफाइनल में नहीं खेलेंगे।

ध्रुव जुरेल के कमर में लगी चोट : ध्रुव जुरेल सेंट्रल जोन की टीम के कैप्टन थे, लेकिन कमर में लगी चोट के कारण वह क्वार्टर फाइनल में खेलने से चूक गए। वह अभी पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं और इसी वजह से सेमीफाइनल में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह अक्षय वाडकर को टीम में शामिल किया गया है। जबकि टीम की कप्तानी ध्रुव जुरेल संभालते हुए नजर आएंगे।

क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन के बल्लेबाजों ने दिखाया दम : क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स्टार बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के बिना भी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया था। तब टीम के लिए रजत पाटीदार, दानिश मालेवर और शुभम शर्मा ने बड़े शतक जड़े। दानिश ने 203 रनों की पारी खेलते हुए दोहरा शतक लगाया था। खिलाड़ियों की वजह से ही टीम मैच जीतने में सफल रही थी। अब सेमीफाइनल में भी इन प्लेयर्स से बड़ी पारी की उम्मीद होगी।

एशिया कप स्क्वाड में शामिल हैं कुलदीप यादव : दूसरी तरफ कुलदीप यादव को एशिया कप 2025 के लिए भारतीय स्क्वाड में जगह मिली है। वह भी सेमीफाइनल में नहीं खेलेंगे। जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल में वह खेले थे और एक भी विकेट नहीं सके थे। सेंट्रल जोन के पास खलील अहमद, दीपक चाहर और हर्ष दुबे जैसे गेंदबाज हैं, जो बल्लेबाजों को रोकने में सक्षम हैं।




**धर्म आस्था** भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी का है विशेष महत्व, राजा बलि का किया था भगवान विष्णु ने इस अवतार में उद्धार

# भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वादशी के दिन हुआ विष्णु भगवान का वामन अवतरण

वामन जयन्ती यानी वामन द्वादशी का त्योहार भाद्रपद शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को मनाया जाता है। भागवत पुराण के अनुसार, वामन भगवान विष्णु के पांचवे अवतार थे। कहते हैं वामन देव ने भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष द्वादशी को अभिजित मुहूर्त में माता अदिति व कश्यप ऋषि के पुत्र के रुप में जन्म लिया था। पौराणिक कथाओं अनुसार भगवान विष्णु ने स्वर्ग लोक पर इन्द्र देव के अधिकार को पुन:स्थापित करवाने के लिये ही वामन अवतार लिया था।

वामन द्वादशी के दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार की पूजा की जाती है। इस दिन प्रात:काल वामन देव की प्रतिमा की षोडशोपचार पूजा की जाती है। कई लोग इस दिन व्रत रखते हैं। शाम की पूजा में वामन द्वादशी की व्रत कथा पढ़ी या सुनी जाती है। इसके बाद व्रती प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत खोल लेते हैं। इस दिन चावल, दही और मिश्री का दान करना बेहद शुभ माना जाता है।

वामन द्वादशी व्रत कथा : एक समय अत्यन्त बलशाली दैत्य राजा बलि ने इन्द्र देव को पराजित कर स्वर्ग पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया था। भगवान विष्णु के परम भक्त और दानवीर राजा होने के बावजूद भी बलि एक क्रूर और अभिमानी राक्षस था। वो अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर देवताओं को डराया करता था। अजेय बलि अपने बल से स्वर्ग लोक, भू लोक तथा पाताल लोक का स्वामी बन बैठा था। जब स्वर्ग पर बलि ने अपना अधिकार जमा लिया तब इन्द्र देव अन्य देवताओं के साथ भगवान विष्णु की शरण में पहुंचे और उनसें सहायता की विनती की। इसके बाद भगवान विष्णु ने सभी को बलि के अत्याचारों से मुक्ति दिलवाने के लिए माता अदिति के गर्भ से वामन अवतार के रुप में जन्म लिया। भगवान विष्णु वामन रुप में सभा में पहुंचे जहां राजा बलि अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। वामन देव ने भिक्षा के रुप में बलि से तीन पग धरती मांगी। बलि एक दानवीर राजा थे, सहर्ष रुप से उन्होंने वामन देव की इच्छा पूरी करने का वचन दिया। तत्पश्चात, वामन देव ने अत्यन्त विशाल रुप धारण किया और पहले पग से ही उन्होंने समस्त भू लोक को नाप लिया। दूसरे पग से उन्होंने स्वर्ग लोक नाप लिया। इसके बाद जब वामन देव अपना तीसरा पग उठाने को हुये तब राजा बलि को यह ज्ञात हुआ की यह स्वयं भगवान विष्णु हैं। अत: बलि ने तीसरे पग के लिये अपना शीर्ष वामन देव के सामने प्रस्तुत कर दिया। तब भगवान विष्णु ने बलि की उदारता का सम्मान करते हुये उसे पाताल लोक दे दिया। भगवान विष्णु ने साथ ही बलि को यह भी वरदान भी दिया कि वह साल में एक बार अपनी प्रजा के समक्ष धरती पर उपस्थित हो सकता है। राजा बलि की धरती पर वार्षिक यात्रा को केरल में ओणम और अन्य भारतीय राज्यों में बलि-प्रतिपदा के रुप में मनाया जाता है।

